भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4867

31 मार्च, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष महाविद्यालय

4867. श्री रमाकान्त भार्गव:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की राज्यों के सभी जिलों में आयुष महाविद्यालयों की स्थापना करने के लिए कोई कार्ययोजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): चूंकि जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए आयुष शिक्षा पद्धति हेतु नए शैक्षिक संस्थानों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के क्षेत्राधिकार में आता है। तथापि, शैक्षिक वर्ष 2023-24 के लिए नए आयुष मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के संबंध में विभिन्न राज्यों के निजी संस्थानों/गैर-सरकारी संगठनों/सोसाइटियों/न्यासों से एनसीआईएसएम (भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग) और एनसीएच (राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग) में प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिन्हें **संलग्नक** में दिया गया है।

(ग): एनसीआईएसएम (भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग) और एनसीएच (राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग) में प्राप्त प्रस्तावों की जांच, नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना, अध्ययन या प्रशिक्षण का नया या उच्च पाठ्यक्रम चलाना तथा मेडिकल कॉलेज द्वारा प्रवेश क्षमता में वृद्धि करना विनियम, 2019; आयुर्वेद/सिद्ध/यूनानी/सोवा-रिग्पा/होम्योपैथी कॉलेजों और संबद्ध अस्पतालों के लिए न्यूनतम मानक आवश्यकताएं विनियम, 2016 और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग अधिनियम, 2020, जो भी लागू हो, के तहत निर्धारित मानदंडों के अनुसार की जाती है। जो प्रस्तावित कॉलेज, अधिसूचित और अनुमोदित मानदंडों को पूरा करते हैं उन्हें नए आयुर्वेद/सिद्ध/यूनानी/सोवा-रिग्पा/होम्योपैथी कॉलेज शुरू करने के लिए आशय पत्र जारी किया जाता है और जो अधिसूचित और अनुमोदित मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें अस्वीकार/रद्द कर दिया जाता है।

*****

संलग्नक

14.03.2023 को शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए आयुष मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के संबंध में विभिन्न राज्यों से प्राप्त प्रस्ताव						
		आयुर्वेद कॉलेज	**यूनानी कॉलेज**	**सिद्ध कॉलेज**	**सोवा रिग्पा कॉलेज**	**होम्योपैथिक कॉलेज**
1	आंध्र प्रदेश	0	0	0	0	0
2	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0
3	असम	0	0	0	0	0
4	अंदमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0
5	बिहार	6	0	0	0	0
6	चंडीगढ़	0	0	0	0	0
7	छत्तीसगढ़	**1**	0	0	0	0
8	नई दिल्ली	0	**1**	0	0	0
9	दादरा नगर हवेली और दमन दीव	0	0	0	0	0
10	गोवा	0	0	0	0	0
11	गुजरात	**9**	0	0	0	**6**
12	हरियाणा	0	0	0	0	0
13	हिमाचल प्रदेश	0	0	0	0	0
14	जम्मू और कश्मीर	0	0	0	0	0
15	झारखंड	0	0	0	0	0
16	कर्नाटक	**15**	**1**	0	0	0
17	केरल	0	0	0	0	0
18	लद्दाख	0	0	0	0	0
19	लक्षद्वीप	0	0	0	0	0
20	मध्य प्रदेश	**7**	**2**	0	0	**2**
21	महाराष्ट्र	**29**	0	0	0	**5**
22	मणिपुर	0	0	0	0	0
23	मेघालय	**1**	0	0	0	0
24	मेघालय	0	0	0	0	0
25	नागालैंड	0	0	0	0	0
26	उड़ीसा	0	0	0	0	0
27	पांडिचेरी	0	0	0	0	0
28	पंजाब	**5**	0	0	0	0
29	राजस्थान	0	0	0	0	**2**
30	सिक्किम	0	0	0	0	0
31	तमिलनाडु	**1**	0	**1**	0	**1**
32	तेलंगाना	0	**1**	0	0	0
33	त्रिपुरा	0	0	0	0	0
34	उत्तर प्रदेश	**28**	**1**	0	0	**5**
35	उत्तराखण्ड	**1**	0	0	0	0
36	पश्चिमी बंगाल	0	0	0	0	0
	कुल	**103**	**6**	**1**	**0**	**21**